# RED RIBBON

रेड रिबन एच. आई. वी/एड्स जागरूकता के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। रेड रिबन क्लबों की स्थापना भारत सरकार द्वारा युवाओं में एच. आई. वी/एड्स और इससे जुडे मिथकों के बारे में जागरूकता फैलाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए की गई एक महत्वपूर्ण पहल है।

बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में रेड रिबन क्लब **2019** से लागू हुआ था। सत्र **2019-20** में कार्यक्रम अधिकारी श्री कोमल प्रसाद यादव (सहायक प्राध्यापक विधि) एवं सम्मानीय सदस्य के रूप में श्री पंकज जैन (सहायक प्राध्यापक विधि), डॉ वेदवती देवांगन (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) एवं महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयं सेवक कार्यरत थे।

सत्र **2020-21** में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में श्री अमरसिंग साहू (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) सदस्य डॉ राकेश कुमार साहू (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र), डॉ वेदवती देवांगन (सहायक प्राध्यापक अर्थषास्त्र) एवं महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयं सेवक कार्यरत है।

रेड रिबन क्लब द्वारा महाविद्यालयीन स्टाफ] छात्र-छात्रायें एवं आसपास के आम नागरिकों के बीच एच. आई. वी/एड्स से बचाव एवं सुरक्षा संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से एवं व्यक्तिगत संपर्क के द्वारा किया जाता है। इसकें साथ-साथ क्लब द्वारा अन्य सामाजिक सारोकार से संबंधित गतिविधियाँ भी संचालित की जाती है। जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण, रक्तदान आदि किया जाता है।